निरीक्षण

बिलासपुर जोन की बैठक में सलाहकार सदस्य मोनिल जैन की प्रमुख मांगे

चलें नई एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों का समय पर हो परिचालन

महाप्रबंधक ने दिया आवश्वासन, जल्द करेंगे निरीक्षण

नवभारत, बालाघाट। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन, क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 21 वीं बैठक गत दिनों महाप्रबंधक तरूण प्रकाश की अध्यक्षता में रेलवे भवन में संपन्न हुई। बैठक में शामिल होकर रेलवे जोन सदस्?य मोनिल जैन ने देश के अलग-अलग स्?थानो के लिए बालाघाट, सिवनी, मंडला और गोंदिया जिले से नई ट्रेन चलाने की मांग प्रमुखता से रखी। उन्होंने यात्रियों की कनेक्टिविटी के लिए पातालकोट और पेंचवेली ट्रेन का विस्तार गोंदिया तक किया जाए। यहां से परिचालित लोकल ट्रेनों के टाइम टेबल में उपयोगिता अनुसार संशोधन किए जाने। ट्रेनों की लेटलतीफी से बालाघाट वासियों की गोंदिया की कनेक्टिंग ट्रेनो को टाइम टेबल में आधा एक घंटे का अंतराल रखा जाए। बालाघाट से इतवारी पैसेंजर का समय परिवर्तन किया जाए। सुबह बालाघाट से चलाकर शाम को इतवारी से वापसी का परिचालन हो। जोन सदस्?य मोनिल जैन ने रेलवे स्?टेशनों में स्?वच्?छता, केंटिन, लिफट, आरक्षण केन्द्र, पेयजल सहित अन्य व्यवस्था जल्दी की जाए की नितांत आवश्यकता है।

बालाघाट स्टेशन का एनएसजी 4 में हो उन्नयन : सलाहकार सदस्य

मोनिल जैन ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल से संचालित एक मात्र ट्रेन जनशताब्दी है जबकि नागपुर मंडल में 2 पीट लाइन है और 1 प्रस्तावित है, इसलिए इस मंडल से संचालित नवीन ट्रेनें प्रारंभ किया जाए। उन्होंने रायपुर- जबलपुर मुखमाटी एक्?सप्रेस के बाद रायपुर गोंदिया बालाघाट नैनपुर-जबलपुर, इटारसी भोपाल, इंदौर मऊ एवं बिलासपुर रायपुर, गोंदिया, बालाघाट नैनपुर, जबलपुर, सागर, दिल्ली तक सीधी रेल सेवा हेतु अमृत भारत, इंटरसिटी इंटरकनेक्ट ट्रेन प्रारम्भ किये जाये। मंडला नैनपुर बालाघाट कटंगी तुमसर इतवारी एक्प्रेस ट्रेन चलाया जाए।

लामटा एवं आमगांव में हो स्टॉपेज : मोनिल जैन

वही मोनिल जैन ने जबलपुर, रायपुर मुखमाटी एक्सप्रेस का प्रयोगिक स्टॉपेज लामटा एवं आमगांव में भी दिये जाये साथ ही ऐसी कोच की संख्या बड़ी जाए। वही जबलपुर से चंद्राफोर्ट ट्रेन का विस्तार शिकंदराबाद तक किया जाए। रीवा हड़पसर जो सफल ट्रेन साबित हुई है उसकी रोजाना संचालन किया जाए। उन्?होंने एक नवीन पर्यटन ट्रेन आदिवासी संस्कृति की पहचान हेतु बिलासपुर से रायपुर, दुर्ग, डोंगरगढ़ कचरगढ गोंदिया होते हुए बालाघाट नैनपुर मंडला तक सतपुड़ा एक्सप्रेस के नाम से डोंगरगढ़ कटघोरा जो गांडई कवर्धा से जो छत्तीसगढ़ रेल कार्पोरेशन लाइन बिछा रही है। उससे मलाजखंड कॉपर एवं मॉयल की उकवा खदान तक विस्तार कर यात्री गाड़ी चलाई जाए। उन्होंने जोन की पहली बिलासपुर मुंबई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शीघ्र प्रारंभ करने भी कहा।

गर्रा, प्रतापबाग बने नवीन स्टेशन : जैन

वही मोनिल जैन ने कहा, बालाघाट जिला का औद्योगिक नगरी गर्रा पैसेंजर हॉल्ट एवं गोंदिया के प्रतापभाग को नवीन स्टेशन बनाया जाए। महाप्रबंधक ने सभी मांगो को गंभीरता से सुना एवं जल्द ही जबलपुर गोंदिया लाइन एवं बालाघाट स्टेशन का विशेष निरीक्षण कर नियंत करवाई प्रारंभ करने की बात की। वही श्री जैन को रेलवे की मांगे को विस्तार से रखने एवं अध्ययन के लिए सराहा। वही पीसीसीएम ने उनकी मांग पर पार्सल सुविधा में प्रीसियस मेटल सामान (अमूल्य वस्तुओं) के परिवहन हेतु सुविधा प्रारंभ करने का नियमानुसार जोड़ने का प्रस्ताव रेल बोर्ड भेजना में सहमति जताई।

स्वीकृत दोहरीकरण कार्य शीघ्र हो चालू : मोनिल

मोनिल जैन ने बालाघाट स्टेशन के उन्नयन हेतु स्वीकृत दोहरीकरण के कार्य के साथ शीघ्र चालू करे जिसमें नवीन बिल्डिंग, प्लेटफॉर्म की संख्या में बढ़ोतरी, लिफ्ट, एस्केलेटर, रिटर्निंग डोरमेट्री पॉड के साथ दूसरी एंट्री का कार्य प्राथमिकता में पहले किया जाए तथा गोंदिया जबलपुर दोहरीकरण का प्रारंभ गोंदिया से प्रारंभ किया जाए। उन्होंने गुडस शेड को शीघ्र विस्थापन कर प्रारंभ करे। बालाघाट एवं अन्य अमृत भारत स्टेशन के कार्यों को पुनर्निरक्षण कर जल्दी प्रारंभ किया जाए। बालाघाट स्टेशन के समीप कॉलोनी में निकासी हेतु पाइप पुशिंग कर पानी को स्टेशन से परिवर्तित किया जाए। तिरोड़ी सिवनी नवीन रेल लाइन सर्वे का आर्थिक पुनरीक्षण पुन: किया जाए, जिसमें जमीन का रेट 8 गुना अधिक बताया गया है। भारत सरकार के नवीन नियमों अनुसार रेलवे के सभी गेट बंद किया जा रहे है और रेल ओवर ब्रिज जो महाप्रबंधक के अंतिम बालाघाट दौरे पर स्वीकृति दी थी उस बैहर रेल ओवर ब्रिज जिसका रेलवे ही पूर्ण निर्माण करेगा उसका अधिग्रहण एवं कार्य शीघ्र प्रारंभ करे।

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल में करेगा आंदोलन

नवभारत, बालाघाट। प्रदेश सरकार लगातार पांच लाख पेंशनरों का हक मंहगाई राहत समय पर नहीं देकर अब तक 53 माह का मंहगाई राहत की एरियर्स राशि हजम कर चुकी है। जो पेंशनर्स परिवारों के साथ घोर अन्याय है। इस वर्ष के वार्षिक बजट में भी पेंशनरों के हितों का ध्यान नहीं रखा जिससे पेंशनरों में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार अपने हक के लिए प्रदेश की राजधानी भोपाल में आंदोलन करना होगा। जिसमे अधिक से अधिक संख्या में पेंशनर आंदोलन के लिए कूच करेंगे। अपने उद् बोधन में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ए एल मोहारे ने कहा कि हमने सरकार से लगातार अनुनय , विनय ,निवेदन और ज्ञापन सब कर लिया किन्तु सरकार के कानों में जूं नहीं रेंग रही है। इसलिए इस बढ़ती आयु में प्रदेश की राजधानी की ओर कूच करना होगा। इस बाबत प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक नरसिंहगढ़ में दिनांक 26 फरवरी को आयोजित है जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के अध्यक्ष तथा संभागीय व प्रांतीय पदाधिकारियों के भाग लेकर आंदोलन की तिथि निर्धारित की जायेगी। प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में जिला अध्यक्ष ए एल मोहारे एवं सचिव अमर सिंह ठाकुर सहभागी होने नरसिंहगढ़ रवाना हो गये है।

एकलव्य विद्यालय बैहर एवं उकवा में बनाई जा रही है पोषण वाटिका

नवभारत, बैहर। विद्यालयीन बच्चों में पोषण, स्वास्थ्य और औषधीय पौधों के प्रति जागरूकता बढाने के उद्देश्य से भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय औषधि पादप बोर्ड द्वारा एकलव्य माडल आवासीय विद्यालयों में पोषण वाटिका (हर्बल गार्डन) की स्थापना की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत बालाघाट जिले के एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय बैहर एवं एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय उकवा में पोषण वाटिका बनायी जा रही है।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी ने बताया कि एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय बैहर में पोषण वाटिका के लिए 300 वर्गमीटर भूखण्ड एवं एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय उकवा में 500 वर्ग मीटर भूखंड का चिन्हांकन किया गया है। इसमें से प्रत्येक पोषण वाटिका स्थापना के लिए प्रथम वर्ष में 04 लाख 50 हजार रुपए, द्वितीय वर्ष में 01 लाख 25 हजार रुपए एवं तृतीय वर्ष में 01 लाख 25 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। इन पोषण वाटिकाओं में स्वास्थ्य एवं पोषण के उपयोगी सब्जियों, फलों एवं औषधीय पौधों को लगाया जाएगा। इस पोषण वाटिका की सुरक्षा एवं देखरेख विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा की जाएगी।

पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

बालाघाट। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बालाघाट में 26 फरवरी को पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला व्?यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले की उपस्थिति में आयोजित इस जागरूकता शिविर में करीब 106 हितग्राहियों ने योजना से संबंधित समस्?त आवश्?यक जानकारी प्राप्?त की। इस दौरान विशेष अतिथि के रूप में अग्रणी जिला प्रबंधक श्री संजीव कुमार तथा प्रो. कमला नेहरू महाविद्यालय बालाघाट श्री जीवन मसराम भी मौजूद थे। शिविर का आयोजन एमएसएमई इंदौर के सहयोग से किया गया, जिसमें सहायक निदेशक श्री शोएब अख्तर एवं उपनिदेशक श्री आई. तिर्की ने सहभागिता की।

अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

बालाघाट। दस्तावेजों के पंजीयन में जनसामान्य की सुविधा और राजस्व को दृष्टिगत रखते हुये राज्य शासन ने होली के अवकाश को छोड़कर माह मार्च में शनिवार और रविवार सहित सभी सार्वजनिक अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्यालयों को खुले रखने के आदेश दिये हैं। शासन द्वारा जारी आदेशानुसार बालाघाट जिले में भी मार्च माह में होली के अवकाश को छोड़कर शनिवार और रविवार सहित सभी सार्वजनिक अवकाश के दिनों में शासकीय कार्य एवं दस्तावेजों के पंजीयन के लिये जिला पंजीयक कार्यालय और उप पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे।

रेलवे वेस्टर्न जोन मुंबई में जूनियर इंजीनियर के पद पर समर्थ ढेंगरे ने कार्यभार ग्रहण किया

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट जिले के एक ओर होनहार बेटे इंजीनियर समर्थ(बाबी) ढेंगरे का भारतीय रेल विभाग वेस्टर्न जोन मुंबई में जूनियर इंजीनियर के पद पर चयन हुआ है, यहा चयन के बाद की सारी औपचारिकता पूर्ण कर 17 फरवरी को उन्होंने अपने पद का प्रभार संभाल लिया है। बता दें कि समर्थ की प्रारंभ शिक्षा मेथोडिस्ट मिशन इंग्लिश स्कूल,10,12 वी बालाघाट इंग्लिश स्कूल,नागपुर के रायसोनी कालेज में इंजीनियरिंग में बीई एवं त्रश्वञ्ज की परीक्षा उत्तीर्ण कर ढ्ढढ्ढञ्ज दिल्ली से एम टेक (मेकेनिकल) में उत्तीर्ण किए, इंजीनियर समर्थ द्वारा इस सफलता के लिए श्रेय तथागत बुद्ध,बोधिसत्व

डा.बाबासाहेब आंबेडकर एवं सभी महापुरुषों की प्रेरणा,सभी गुरुजन,वरिष्ठ,माता पिता का आशीर्वाद तथा निरंतर अभ्यास को दिया गया है। विदित हो कि इंजीनियर समर्थ दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया मप्र राज्य शाखा केअध्यक्ष डॉ. चरनदास ढेंगरे के छोटे सुपुत्र हैं,जो बचपन से मेघावी रहे इनके चयन होने पर धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया,समस्त आंबेडकर बौद्ध समाज,परिवार,सभी स्नेही साथियों में हर्ष की लहर व्याप्त हैं इनकी सफलता पर संस्था के धर्मेंद्र कुरील पूर्व प्रदेश सचिव,प्रदेश उपाध्यक्ष हेमलता डोंगरे,आरके कटाने प्रदेश सचिव,राजकपूर कामडे प्रदेश सचिव,अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष,महेश सहारे प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी गोवारी समाज बालाघाट एवं सभी पदाधिकारी, प्रमिला चौहान कोषाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष खुशियाल मेश्राम, देवानंद रंगारे -शैलेश सुखदेवे, जिला सचिव एनके मेश्राम,केके भालाधारे, आरडी देशभरतार, जिला शाखा एवं सभी तहसील शाखाओं के सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

होली से पहले थमेंगे बसों के पहिए, 2 मार्च को प्रदेशव्यापी हड़ताल

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट में बस संचालकों ने सरकार की सुगम परिवहन नीति का विरोध करते हुए 2 मार्च की सुबह से अनिश्चितकाल के लिए बसों का संचालन बंद करने की चेतावनी दी है। उन्होंने इसे 'दमनकारी' नीति बताया और सरकार से इसे वापस लेने की मांग की है।

मध्य प्रदेश बस ऑपरेटर्स के आह्वान पर जिले के बस ऑपरेटर्स ने बुधवार को जिला बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मुकेश चौहान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार से 24 दिसंबर 2025 और 29 जनवरी 2026 को राजपत्र में

किए गए संशोधनों को वापस लेने और बस संचालन पहले की तरह जारी रखने की मांग की गई है।

जिला बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मुकेश चौहान ने कहा, 'बस हमारी, ड्राइवर हमारा, कंडक्टर हमारा, टैक्स हमारा, और फिर हम सरकार को रॉयल्टी दें, यह कैसी नीति है? सरकार इस नीति के तहत बस ऑपरेटर्स को जमीन में गाड़ देने और व्यवसाय खत्म करने जैसी स्थिति पैदा कर रही है।'

उन्होंने स्पष्ट किया कि बस ऑपरेटर्स अपने व्यवसाय को बचाने के लिए विरोध कर रहे हैं। चौहान ने कहा कि 2 मार्च की सुबह से बसों के पहिए तब तक जाम रहेंगे, जब तक सरकार राजपत्र में संशोधित प्रारूप को वापस नहीं लेती।

होली के त्योहार से ठीक पहले बस ऑपरेटर्स द्वारा बसों का संचालन बंद करने की चेतावनी से यात्रियों को गंभीर परेशानी हो सकती है। जिले में ट्रेनों की सीमित संख्या के कारण बसों पर निर्भर रहने वाले यात्रियों पर इसका सीधा असर पड़ेगा।

कन्हारटोला व सरेखा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

388 से अधिक हितग्राहियों ने पाया स्वास्थ्य लाभ

नवभारत, बालाघाट। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में बालाघाट के शहरी स्लम वार्ड क्रमांक 04 कन्हारटोला एवं वार्ड क्रमांक 31 सरेखा में व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन तथा जिला अर्बन नोडल अधिकारी एवं जिला क्षय अधिकारी के निर्देशन में संपन्न हुआ। आयोजन शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम, जिला क्षय केन्द्र एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से किया गया।

शिविर का उद्देश्य शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत प्रदाय की जाने वाली 12 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं को स्लम क्षेत्र के हितग्राहियों तक पहुंचाना एवं उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। जिला क्षय केन्द्र द्वारा एआई मोबिलिटी वैन में उपलब्ध एक्स-रे मशीन से चिन्हित 58 हितग्राहियों के एक्स-रे किए गए। वहीं जनरल ओपीडी में 330 से अधिक लोगों की जांच कर आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में टीबी जांच, मातृ-शिशु स्वास्थ्य परामर्श, सामान्य रोग जांच, पोषण संबंधी मार्गदर्शन सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 04 के पार्षद श्री विनोद बसेने, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी श्री शैलेन्द्र चौकसे एवं सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती नेहा ठाकुर का विशेष सहयोग रहा। इस स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से शहरी स्लम क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों को घर के समीप ही नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे क्षेत्रवासियों में संतोष एवं जागरूकता का माहौल देखा गया।

आज विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन

नवभारत, बालाघाट। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट द्वारा माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकृत छात्र-छात्राओं के लिए '50 Years of EmergencyÑ Lessons for Indian Democracy' विषय पर विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन दिनांक 27 फरवरी 2026 (शुक्रवार) को प्रात: 09:30 बजे महाविद्यालय के वर्चुअल हॉल में किया जाएगा। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न होगा।

कार्यक्रम की मुख्य थीम '50 Years of EmergencyÑ Lessons for Indian Democracy' भारतीय

लोकतंत्र के इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं से सीख लेते हुए युवाओं में संवैधानिक मूल्यों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं लोकतांत्रिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता विकसित करने पर केंद्रित है।

इस अवसर पर सभी पंजीकृत प्रतिभागी निर्धारित विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी को तीन मिनट का समय दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक चेतना, संसदीय परंपराओं की समझ, तार्किक चिंतन, प्रभावी अभिव्यक्ति एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है।

महाविद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया है कि वे अपने वक्तव्य का पूर्वाभ्यास कर निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

यह आयोजन युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जोड़ते हुए उन्हें जागरूक, जिम्मेदार एवं सक्रिय नागरिक के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

साइबर अपराध पर लोगों को किया जागरूक

प्रयास बहुउद्देशीय संस्था की अभिनव पहल

नवभारत कटंगी 26 फरवरी। पठार अंचल की बहुउद्देशीय संस्था 'प्रयास' द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत 'साइबर क्राइम' विषय पर विगत 25 फरवरी को बाजार चौक महकेपार के प्रांगण मे आये दिन बढ़ते हुए साइबर धोखाधड़ी के मामलों को देखते हुए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गयी, तत्पश्चात उपस्थित अतिथिगयों का संस्था के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत-सत्कार किया गया। अतिथिगयों ने बढ़ते साइबर ठगी के मामले, मोबाइल के दुरूपयोग एवं अन्य समसामयिक मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवचंद सोनवाने सरपंच ग्राम पंचायत महकेपार ने की। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष विनोद भूतांगे, उपाध्यक्ष रामकृष्ण परते, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र गजभिये, सचिव रंजीत भालेराय, संयुक्त सचिव शुभम गेड़ाम, सदस्य महेश धुर्वे व अक्षय खैरे भी उपस्थित रहे।

इनकी रही उपस्थिति- इस अवसर पर विनोद पंचभाई सदस्य जनपद पंचायत कटंगी, राज राहंगडाले उपाध्यक्ष इनायत साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था मिरगपुर, दीपक पुष्पतोड़े संयोजक पठार संघर्ष समिति आंजनबिहरी, दीपक गभने सरपंच ग्राम पंचायत बड़पानी, प्रकाश सोनवाने पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कटंगी, धीरेन्द्र सोनवाने अध्यक्ष कोहरी समाज संगठन महकेपार, मोरेश्वर बाघमारे स्थाई पटेल महकेपार, धुर्वे जी मुंशी पुलिस चौकी महकेपार, आशीष वासनिक रोजगार सहायक मोहगांव प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

संभागायुक्त ने की वीडियो कॉन्फ्रेंस से जिलेवार योजनाओं की समीक्षा

स्वास्थ्य, पोषण, मनरेगा, कृषि और नगरीय परियोजनाओं पर दिए सख्त निर्देश

नवभारत,जबलपुर। संभागायुक्त धनंजय सिंह ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टर्स के साथ शासन की प्राथमिकता योजनाओं की जिलेवार समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। समीक्षा में उन्होंने राजस्व प्रकरणों, लंबित प्रशासनिक शिकायतों, अनुकंपा नियुक्ति व पेंशन मामलों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और कृषि वर्ष 2026 की प्रमुख योजनाओं जैसे पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, हिरण्यगर्भा अभियान और मत्स्य पालन में आधुनिक तकनीक के उपयोग की प्रगति का जायजा लिया गया। नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत एसबीएम 2.0 और अमृत 2.0 परियोजनाओं में लंबित भूमि आवंटन तथा उद्योग विभाग की लक्षित योजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही स्वास्थ्य, पोषण, गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीयन और बालिका शौचालय निर्माण को समय सीमा में पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया। संभागायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग और प्रभावी कार्ययोजना बनाकर योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का निर्देश दिया। जिले के कलेक्टर्स एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सम्मिलित रहे।

तेंदुए के हमले से 1 घायल, गांव में दहशत

वन अमले ने ग्रामीणों से सर्तकता बरतने की अपील की

नवभारत कटंगी 26 फरवरी। कंटगी तहसील के ग्राम बिसापुर निवासी दिनेश उयके को 25 फरवरी की रात तेंदुए के हमले में गंभीर चोटें आईं। संजीवनी आपातकालीन सेवा 108 की त्वरित कार्रवाई से घायल को समय पर उपचार मिल सका। प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें जिला चिकित्सालय बालाघाट रेफर कर दिया।

स्थानीय नागरिकों ने आपातकालीन सेवा 108 की सराहना की और कहा कि ऐसी त्वरित व्यवस्था से ग्रामीण क्षेत्रों में भी गंभीर परिस्थितियों में मरीजों की जान बचाना संभव हो रहा है। वन विभाग द्वारा ग्राम में मुनादी करवा दी है और वन अमले द्वारा केमरे लगाकर तेंदुए के लोकेशन लेने के लिए प्रयास किए जा रहे है तथा वन अमले का दल क्षेत्र में निरंतर गशत कर रहा है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वन क्षेत्र के आसपास सतर्कता बरतें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 108 सेवा का लाभ लें।